# निनाद ललित कला समिति
# छिन्दवाडा

अध्यक्ष - आनंद बक्षी

नव भारत

# सम्मानित होगी नगर की विभूतियां

## निनाद ललित कला समिति गीत गजल संध्या कार्यक्रम में करेंगी सम्मान

राकेश श्रीवास्तव

विस्मिता शाह

मो. युनूस

तरंग सिंह परिहार

डॉ. आर.एच. बग्गा

नवीन दुग्गड़

**छिंदवाड़ा, 18 जनवरी नभाप्र. कर्म तो सभी करते है परंतु कुछ कर्म ऐसे होते है जो उन्हें लोगों की भीड़ में खास स्थान दिला देते है. हलांकि ऐसे अच्छे कर्म कर्ता को न सम्मान की ललक होती है और न ही अपने नाम की चाहत परंतु ऐसी विभूति समाज की प्रेरणा जरूर होती है. इसे जनता के मध्य लाने का नेक कार्य निनाद ललित कला समिति विगत 13 वर्षों से कर रही है.**

अच्छे कार्यों का अच्छा प्रतिसाद देना भी सराहनीय कार्य है. आगामी 28 फरवरी को रात्रि 9 बजे स्थानीय लालबहादूर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित गीत गजल संध्या में नगर की 6 विभूतियां सम्मानित होगी जो भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य कर रही है. समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि हमारा सामाजिक दायित्व बनता है कि हम श्रेष्ठ कार्यों के लिए श्रेष्ठ व्यक्ति को प्रोत्साहित करें.

### ये होगें सम्मानित

कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में निःशुल्क सेवाएं व दवाएं देकर अनेकों को जीवन दान देने वाले मशहूर व्यापारी नवीन दुग्गड़ को सम्मानित किया जाएगा. विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान संगोष्ठियों में प्रभावशील उद्बोधन तथा वैज्ञानिक साहित्य के उल्लेखनीय लेखों के लिए सम्मानित किया जाएगा. रोटरी क्लब के माध्यम से विशिष्ट चिकित्सा सेवाए देने हेतु डॉ. आर.एच.बग्गा, महिला जागृति तथा सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर लंबे समय से जनहित के कार्यों को सेवा भाव से करने वाली श्रीमती विस्मिता शाह भी सम्मानित होगी. उर्दू साहित्य के मशहूर शायर मोहम्मद युनूस को गजल लेखन एवं धार्मिक उर्दू शायरी, नात, हम्द तथा मुशायरों में शिरकत करने हेतु सम्मानित किया जाएगा. बाल प्रतिभा को नजीरूद्दीन चचा की स्मृति में सम्मानित किया जाता है. इस वर्ष यह सम्मान तरंग परिहार को मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा प्रादेशिक स्तर पर स्वर्ण पदक सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया जावेगा.

### अश्वनी देगें प्रस्तुति

गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी विशेष प्रस्तुति देगें. गिटार पर इकबाल अहमद, सितार पर एस.आर. शिवलीकर, तबला संगत सतीश मिश्रा करेगें. समिति के आशीष त्रिपाठी, राशिद खान, हाजी नसीमुद्दीन, जेड अली, राजू निमाडे, सुरेश डेहरिया ने उपस्थिति की अपील की है.